रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 6] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 6, 1982 (माघ 17, 1903)
No. 6] NEW DELHI SATURDAY, FEBRUARY 6, 1982 (MAGHA 17, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that if may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनायें	125
भाग I—खण्ड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनायें	143
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किये गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनायें	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनायें	145
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरण (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	269
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरण (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनायें	435
भाग II—खण्ड 3(iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरण (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	75
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किये गये सांविधिक नियम और आदेश	29
भाग III—खण्ड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें	1409
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें और नोटिस	43
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें	--
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनायें (जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें, आदेश, विज्ञापन और नोटस शामिल हैं	641
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	35
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई ।

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) .. 125

PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) 143

PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence 3

PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 145

PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations .. .. *

PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations .. .. *

PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committee on Bills .. .. .. *

PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .. 269

PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .. 435

PART II—SECTION 3 (iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories) 75

PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence 29

PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India 1409

PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. 43

PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners .. .. —

PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 641

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 35

PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi .. *

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

योजना आयोग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 24 दिसम्बर 1981

विषय :—स्व-रोजगार के लिए राष्ट्रीय स्तर संवर्धन समिति की सदस्यता।

सं. एम.-12038/1/81-एल. ई. एम.-ई. पी.—योजना आयोग के दि. 8 अप्रैल, 1981 के संकल्प संख्या एम.-12038/1/81-एल. ई. एम.-ई. पी. और दि. 22 अप्रैल, 1981, 12 जून, 1981 और 31 अगस्त, 1981 की इसी संख्या की अधिसूचनाओं के क्रम में, समिति के गठन में निम्नलिखित जोड़ दिए जाएं/संशोधन कर दिए जाएं, अर्थात् :

(1) क्रम संख्या 21 के बाद, निम्नलिखित को क्रम संख्या 22 के रूप में जोड़ दिया जाए :—

"श्रीमती सुशीला रोहतगी,

अध्यक्ष, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड,

जीवन दीप बिल्डिंग, संसद मार्ग,

नई दिल्ली-110001"

(2) समिति के सदस्य-सचिव श्री ए. वी. आर. चार से संबंधित क्रम संख्या "22" को बदल कर क्रम संख्या "23" कर दिया जाए।

आर. एस. सक्सेना
निदेशक (प्रशासन)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी 1982

सं. यू./13019/6/81-ए. एन. एल.—इस मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित 29 जून, 1975 की अधिसूचना सं. 71/56(2)(1)57-ए. एन. एल. के अनुसरण में, राष्ट्रपति लक्षद्वीप के प्रशासक के संबद्ध सलाहकार परिषद का 31-3-82 तक की अवधि के लिए निम्नवत पुनर्गठन करते हैं :—

पदेन सदस्य

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के लिए गृह मंत्री से संबद्ध सलाहकार समिति के सदस्य।

गैर सरकारी सदस्य

(1) श्री सरचेत्ता किदावु, अमीनी

(2) श्री बी. जी. अली मनीकफान, मिनीकाय

(3) श्री के. दोम मनीकफान, मिनीकाय

(4) श्री अलीयथारा अलालुद्दीन कोया, अंड्रोथ

(5) श्रीमती असस्वेत्ता मैमूनाथ, कदमत

(6) श्री पी. शेक कोया, अमीनी

(7) श्री पी. पी. नान्जा कोया, कालपेनी

(8) श्री एदियाकल सीथी कोया, किलटन

(9) श्री चक्काकल मुथुकोया, चेतलत

(10) श्री बी. अब्दुल कादर, चेतलत

(11) श्री बी. सैयद बुहारी, बित्रा

सं. यू./13019/6/81-ए. एन. एल.—इस मंत्रालय के, समय-समय पर यथा संशोधित, 12 जनवरी, 1968 की अधिसूचना सं. 1/1(2)/67 ए. एन. एल.(1) के अनुसरण में, राष्ट्रपति लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के लिए गृह मंत्री से संबद्ध सलाहकार समिति का 31-3-82 तक की अवधि के लिए निम्नवत पुनर्गठन करते हैं :—

पदेन सदस्य

(1) प्रशासक, लक्षद्वीप

(2) संघराज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला संसद सदस्य

गैर सरकारी सदस्य

(1) श्री यू. सी. के. थंगल, कावारत्ती

(2) श्री मेलपुरा चेरियाकोया, कावारत्ती

(3) श्री के. नालाकोया थंगल, अंड्रोथ

(4) श्री थूपियाक्कल कोया, अमीनी

(5) श्री हसन गंदुवर हसन मनिकफान, मिनीकाय

(6) श्री चेरियापुरा कासमी, अगाती

(7) डा. के. के. मोहम्मद कोया, कालपेनी

(8) श्री बी. अमानुल्ला, किलटन

श्री चेरियापुरा सहकारिता समितियों के हितों का भी प्रतिनिधित्व करेंगे।

आर. सी. ए. जैन, उप सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 जनवरी 1982

संकल्प

सं० ई-12015/2/79-हिन्दी--वाणिज्य मंत्रालय में भारत सरकार ने वाणिज्य मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले विषयों पर हिन्दी में मौलिक पुस्तकें लिखने वाले लेखकों को पुरस्कार प्रदान करने के लिये एक योजना प्रारम्भ करने का निश्चय किया है। योजना की मुख्य बातें निम्नलिखित हैं :--

1. वाणिज्य मंत्रालय के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विषयों पर हिन्दी में लिखी गई मानक मूल पुस्तकों के लिए दो वर्ष में एक बार 5000रु० व 2500 रु० का एक-एक नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

2. इस योजना का उद्देश्य वाणिज्य मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले विषयों पर हिन्दी में मौलिक पुस्तकें लिखने के लिए भारत के लेखकों को प्रोत्साहित करना है।

3. केवल उच्च स्तर की मूल पुस्तकों पर ही, चाहे वे हस्तलिपि में हों अथवा प्रकाशित रूप में, पुरस्कार प्रदान करने के लिए विचार किया जाएगा।

4. वाणिज्य मंत्रालय को पुरस्कार प्राप्त कर्ताओं के चयन और इस प्रकार के चयन को शासित करने वाले नियम बनाने का अनन्य अधिकार होगा।

5. पुरस्कार योजना में भारतीय लेखक भाग ले सकते है जिनमें बहु-लेखकों वाली पुस्तकों के वे सम्पादक भी शामिल हैं जिन्होंने स्वयं भी उन पुस्तकों में पर्याप्त रूप में अंशदान दिया हो और साथ ही सम्पादकीय प्राक्कथन भी दिया हो। प्रकाशित पुस्तकों और लेखक द्वारा प्रकाशन के लिए प्रस्तावित हस्तलिपियों दोनों को ही स्वीकार किया जाएगा बशर्ते कि ये मूल रूप में लिखी गई हों और उनसे किसी अन्य व्यक्ति के कापीराइट का उल्लंघन न होता हो।

6. लेखकों का मूल्यांकन पुरस्कार वाले वर्षों के पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत की गई पुस्तकों/हस्तलिपियों के रूप में उनके द्वारा किए गये मूल लेखन के आधार पर किया जाएगा।

7. पुरस्कार प्रदान करने के लिए उपयुक्त समझी जाने वाली सर्वोत्तम पुस्तकों/हस्तलिपियों के चयन के लिए एक मूल्यांकन समिति होगी।

8. सचिव, वाणिज्य मंत्रालय पुरस्कार प्रदान करने के लिए अंग्रेजी व हिन्दी के प्रमुख समाचारपत्रों में एक नोटिस देकर लेखकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय अपनी ओर से किसी भी पुस्तक को पुरस्कार देने के बारे में विचारार्थ शामिल कर सकता है।

9. लेखकों से अपेक्षित होगा कि वे अपने आवेदन-पत्र तथा पुस्तक अथवा हस्तलिपिया छः प्रतियों में सचिव, वाणिज्य मंत्रालय को भेजें। इस प्रकार प्रस्तुत पुस्तकों/हस्तलिपियों की प्रतियां लेखकों को लौटाई नहीं जायेंगी।

10. यदि इस पुरस्कार योजना में शामिल किसी मूल पुस्तक को किसी योजना के अन्तर्गत पुरस्कार मिल चुका हो तो लेखक को सचिव वाणिज्य मंत्रालय को, भेजे जाने वाले अपने पत्र में इस बात का उल्लेख स्पष्ट रूप में कर देना चाहिए।

11. कोई भी लेखक पुरस्कार के लिए एक से अधिक प्रविष्टि भेज सकता है। तथापि, कोई भी लेखक दो वर्ष की अवधि विशेष में योजना के अन्तगत एक से अधिक पुरस्कार का हकदार नही होगा।

12. यदि पुरस्कार प्राप्त किसी पुस्तक/हस्तलिपि के एक से अधिक लेखक हैं तो पुरस्कार की राशि को साथी लेखकों में बराबर वितरित किया जाएगा।

13 यदि कोई भी पुस्तक/हस्तलिपि पुरस्कार/पुरस्कारों के लिए उपयुक्त नही पाई जाती तो पुरस्कार/पुरस्कारों को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा रोक लिया जाएगा।

14. पुरस्कार वाणिज्य मंत्रालय द्वारा विशेष तौर पर आयोजित समारोह अथवा किसी अन्य उपयुक्त अवसर पर प्रदान किये जायेंगे।

15. सचिव, वाणिज्य मंत्रालय पुरस्कार प्रदान करने से काफी समय पूर्व पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को पुरस्कार के लिए उनके चुने जाने के बारे में सूचना देंगे।

सामान्य :

1. जो लेखक पुरस्कार के लिए विचारार्थ अपनी पुस्तक प्रस्तुत करेगा उसका कापीराइट समाप्त नहीं होगा।

2. पुस्तक के अनुवाद पर पुरस्कार के लिये विचार नही किया जाएगा।

3. यदि कोई प्रकाशित पुस्तक पुरस्कार के लिए चुनी जाती है तो पुरस्कार की राशि का भुगतान लेखक द्वारा केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार अथवा इन किन्ही भी सरकारों से सहायता प्राप्त कर, रहे किसी भी संस्थान अथवा संगठन से सहायता लिये बिना इस पुस्तक को प्रकाशित कराये जाने के बाद ही किया जायेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों/संघक्षेत्रों और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

जोगिन्दर सिंह, निदेशक

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 दिसम्बर, 1981

संकल्प

सं० एस० एम० आई० (1)-17(1)/78--उद्योग मंत्रालय में दिनांक 25 जून, 1981 के संकल्प सं० एस० एस० आई० (1)-17(1)/78 जो लघु उद्योग बोर्ड का पुनर्गठन करने के सम्बन्ध में था क्रम सं० 77 से 80 के सामने निम्नलिखित सदस्यों के नाम समाविष्ट किए जाएं :--

77. श्री अजीत कुमार शर्मा,
सदस्य, राज्य सभा,
53, साउथ एवेन्यू,
नई दिल्ली -110011

78. श्री के० एल० एन० प्रसाद,
सदस्य, राज्य सभा,
11, जनपथ,
नई दिल्ली

79. श्री विरधा राम फुलवारिया,
सदस्य, लोक सभा,
170, साउथ एवेन्यू,
नई दिल्ली -110011

80. श्री छीतू भाई गामित,
सदस्य, लोक सभा,
145, नार्थ एवेन्यू,
नई दिल्ली-110001

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए।

यह आदेश भी दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए संकल्प की एक प्रति भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित की जाये।

आर० श्रीनिवासन, संयुक्त सचिव

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय

(पेट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 31 दिसम्बर 1981

संकल्प

सं० 14016/1/77-पी० सी० III—भारत सरकार द्वारा दिनांक 7 मार्च, 1981 को भारत के राजपत्र (असाधारण) के भाग I, खण्ड 1 में प्रकाशित संकल्प द्वारा योजना आयोग के भूतपूर्व सदस्य डा० जी० वी० के० राव की अध्यक्षता में कृषि में प्लास्टिकस के प्रयोग पर एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया गया था । अब सरकार ने इंडियन पेट्रो केमिकल्स कारपोरेशन लिमिटेड, पी० ओ० पेट्रोकैमिकल्स, बड़ौदा के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक डा० पी० के० नारायण स्वामी को उपर्युक्त, समिति में सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है ।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों के प्रशासन, लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों तथा भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों एवं विभागों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि आम सूचना के लिये इस संकल्प को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए ।

पी० वी० गुप्ता, निदेशक

(रसायन और उर्वरक विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 31 दिसम्बर 1981

संकल्प

सं० 11(1)/81-एफ० डी० ए० I—उर्वरकों के प्रतिधारण मूल्यों की पद्धति की देखरेख और उसका संचालन करने के लिए सरकार ने रसायन और उर्वरक मंत्रालय के दिनांक 1 दिसम्बर, 1977 के संकल्प सं० 166/23/77-एफ० डी० ए० 1 के माध्यम से उर्वरक उद्योग समन्वय समिति (एफ० आई० सी० सी०) गठित की थी । इस समय गठित समिति के दो सदस्यों अर्थात् डा० पी० के० नारायणास्वामी और श्री पाल पोदन का कार्यकाल समाप्त हो जाने से सरकार ने निम्नलिखित दो व्यक्तियों को 31 दिसम्बर, 1983 को समाप्त होने वाली अवधि तक के लिए उर्वरक उद्योग समन्वय समिति के सदस्यों के रूप में नामित करने का निर्णय किया है ।

1. श्री दलीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
राष्ट्रीय कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि०, बम्बई ।

2. श्री एस० वेंकिटारमन का उपाध्यक्ष एवं प्रधान,
साऊदर्न पेट्रोकैमिकल्स इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लि० मद्रास ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों, केन्द्र शासित प्रशासनों, लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय और भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों और विभागों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना लिए संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एस० एम० केलकर, संयुक्त सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

खान विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 30 दिसम्बर 1981

सं० ए० 44018/104/80-खान—6—यह एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि 1 जनवरी, 1982 से नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो को भारतीय खान ब्यूरो के कार्यालय में महानियंत्रक के रूप में पदनामित किया जाएगा ।

आई० जी० झिंगरन, संयुक्त सचिव

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 15 जनवरी 1982

सं. 1/4/80-सी. टी. ई.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि भारत सरकार ने श्री चन्द्र प्रताप नारायण सिंह, राज्यमंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रानिकी तथा पर्यावरण, नयी दिल्ली, को सोसायटी (वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्), जो संस्था पंजीकरण अधिनियम (1860 का 21) के अन्तर्गत दिनांक 6-6-1980 से दो वर्ष के लिए पुनर्गठित की गई है और समरूपांकीय राजपत्र अधिसूचना दिनांक 13-6-1980 तथा 18-11-1981 द्वारा अधिसूचित की गयी है, का सदस्य मनोनीत किया है।

जी. एस. सिद्धू
सचिव, सी.एस.आई.आर.
के कार्यों के लिए विज्ञान और
प्रौद्योगिकी विभाग तथा महानिदेशक
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान
परिषद्

शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक जनवरी 1982

संकल्प

सं. एफ. 11-18/81-स्कूल-4—भारत सरकार ने राष्ट्रीय एकता परिषद की सिफारिशों के आधार पर राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण से स्कूली पाठ्य-पुस्तकों के मूल्यांकन का एक कार्यक्रम शुरू किया है। विकेन्द्रीकृत आधार पर समीक्षा आरंभ की जा रही है। कक्षा 1—XII के लिए सभी स्कूली पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा शुरू की जायेगी। तथापि, शुरू में मूल्यांकन इतिहास तथा भाषा की पाठ्य-पुस्तकों तक ही सीमित रहेगा।

2. भारत सरकार, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय (शिक्षा विभाग) ने राष्ट्रीय स्तर पर एक उच्च स्तरीय जांच समिति स्थापित करने का निर्णय किया है, जो, अन्य बातों के साथ-साथ, राज्य मूल्यांकन दलों/राष्ट्रीय शैक्षिक-अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की मूल्यांकन रिपोर्टों पर विचार करेगी, कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करेगी तथा भावी कार्रवाई के लिए नीति संबंधी मार्गदर्शी रूपरेखाओं का उल्लेख करेगी।

3. समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे :—

(1) राज्य मूल्यांकन दलों/राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की मूल्यांकन रिपोर्टों पर विचार करना, तथा जहां आवश्यक समझा जाए, वहां ऐसे मूल्यांकन को प्रत्यक्ष रूप से शुरू करना।

(2) राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण से पाठ्य-पुस्तकों के मूल्यांकन संबंधी कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना।

(3) भावी कार्रवाई के लिए नीति संबंधी मार्गदर्शी रूपरेखाओं का उल्लेख करना।

4. समिति का गठन निम्न प्रकार होगा :—

अध्यक्ष

(1) प्रो. रविन्दर कुमार,
निदेशक,
नेहरू स्मारक संग्रहालय तथा पुस्तकालय,
नई दिल्ली।

सदस्य

(2) डा. जी. एस. धवा,
प्रधानाचार्य,
श्री गुरू तेग बहादुर,
खालसा कालेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली-110007।

(2) डा. जे. एस. ग्रेवाल,

(3) डा. जे. एस. ग्रेवाल
कुलपति,
गुरू नानक देव विश्वविद्यालय,
अमृतसर।

(4) प्रो. जार्ज एम. मोरेस
निदेशक,
ऐतिहासिक अनुसंधान संस्थान,
9, न्यू मेराइन लाइन्स,
बम्बई-400020।

(5) प्रो. एन. संजीवी
तमिल विभाग,
मद्रास विश्वविद्यालय,
मद्रास।

(6) डा. कमर रईस
उर्दू विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली-110007।

(7) डा. टी. के. रविन्द्रन
प्रोफेसर (इतिहास),
केरल विश्वविद्यालय,
त्रिवेन्द्रम।

(8) प्रो. शान्तिमय राय
सदस्य,
राष्ट्रीय एकता परिषद की शिक्षा उप-समिति,
52, गार्फा मेन रोड,
कलकत्ता-700015।

(9) डा. आर. के. कौशिक
प्रधानाचार्य,
आत्माराम सनातन धर्म कालेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
धौला कुआं,
नई दिल्ली।

संयोजक

(10) डा. एस. के. मित्रा
निदेशक,
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा
प्रशिक्षण परिषद्,
नई दिल्ली।

5. समिति अपनी कार्य-पद्धति निर्धारित करेगी। यह राज्य मूल्यांकन दलों/रा. शै. अ. प्र. प. आदि से ऐसी सूचना उसी रूप में तथा उसी ढंग से, जिसमें यह उचित समझेगी, मांग सकती है जिसे यह अपने प्रयोजनार्थ आवश्यक या उपयुक्त समझेगी।

6. समिति अपना कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का प्रयास करेगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, प्रधान मंत्री का कार्यालय तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की सूचनार्थ भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एस. सत्यम, संयुक्त सचिव

संस्कृति विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 21 नवम्बर 1981

संकल्प

सं० एफ० 7-12/81-सी० एच०-I—संकल्प संख्या एफ 7-24/79-सी० एच०-, दिनांक 26-9-79 के पैरा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल की सलाहकार समिति को और अधिक प्रभाव शाली बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रपति, राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल की सलाहकार समिति का तत्काल से निम्नलिखित रूप से सहर्ष पुनर्गठन करते हैं :—

राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल की सलाहकार समिति

1. श्रीमती पुपुल जयाकर, — अध्यक्ष
11, सफदरजंग रोड,
नई दिल्ली ।

2. मुख्य सचिव, — सदस्य
मध्य प्रदेश, सरकार,
भोपाल ।

3. शिक्षा सचिव/अपर सचिव/ — सदस्य
संयुक्त शिक्षा सलाहकार,
शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय
नई दिल्ली ।

4. शिक्षा सचिव/सचिव, आदिवासी कार्य, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल । — सदस्य

5. डा० सुरजीत सिन्हा, सामाजिक मानविकी विज्ञान के प्रोफेसर, सामाजिक विज्ञान अध्ययन केन्द्र, कलकत्ता । — सदस्य

6. डा० के० एस० सिंह, कमरा नं० 6, सर्किट हाउस, गार्डिनर रोड, पटना । — सदस्य

7. प्रोफेसर, साखू चौधरी, डी-45, पश्चिमी निजामुद्दीन, नई दिल्ली । — सदस्य

8. प्रोफेसर, हाकू शाह, 16-नेमनाथ सोसायटी, नारायण नगर रोड, पलाडी, अहमदाबाद-7 — सदस्य

9. वित्तीय सलाहकार अथवा उनके द्वारा मनोनीत व्यक्ति, संस्कृति विभाग, नई दिल्ली । — सदस्य

10. विशेष कार्य अधिकारी, राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल । — (सदस्य-सचिव)

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि विशेष कार्य अधिकारी, राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्व साधारण की सूचना के लिए इस संकल्प को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

धीरेन्द्र नारायण सक्सेना
उप शिक्षा सलाहकार

समाज कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 दिसम्बर 1981

संकल्प

सं० 1-41/80-सी० एस० डब्ल्यू० बी०—इस मंत्रालय के दिनांक 28 अगस्त, 1981 तथा 4 दिसम्बर, 1981 के संकल्प संख्या 1-41/80-सी० एस० डब्ल्यू० बी० के अनुभाग में भारत सरकार श्रीमती लहूसी हरालू, अध्यक्षा नागालैण्ड राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड को नागालैण्ड राज्य के प्रतिनिधि के रूप में तथा श्री बी० पी० मरवाह समाज कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव को श्री मधुसूदन दयाल, संयुक्त सचिव के स्थान पर उस मंत्रालय के प्रतिनिधि के रूप में केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के साधारण निकाय का सदस्य तत्काल नामित करती है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रतिलिपि निम्नलिखित को भेजी जाए :—

1. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सब सदस्य ।
2. सब राज्य सरकारें/संघ शासित प्रदेश प्रशासन ।
3. भारत सरकार के सब मंत्रालय/विभाग ।
4. राष्ट्रपति सचिवालय ।
5. प्रधान मंत्री कार्यालय ।
6. योजना आयोग ।
7. लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय ।
8. मंत्रिमंडल सचिवालय ।
9. पत्र सूचना कार्यालय, नई दिल्ली ।
10. लेखा परीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली ।
11. कम्पनी कार्य विभाग, नई दिल्ली ।
12. कम्पनियों के रजिस्ट्रार, नई दिल्ली ।
13. क्षेत्रीय निदेशक, कम्पनी विधि बोर्ड, कानपुर ।
14. कार्यकारी निदेशक, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली ।
15. राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्डों के सब अध्यक्ष ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को साधारण जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

दिनांक 19 जनवरी 1982

संकल्प

सं. 1-41/80-सी. एस. डब्ल्यू. बी.—इस मंत्रालय के दिनांक 28 अगस्त, 1981, 4 दिसम्बर, 1981 तथा 28 दिसम्बर, 1981 के संकल्पों संख्या 1-41/80-सी. एस. डब्ल्यू. बी. के अनुक्रम भारत सरकार श्रीमती विद्याबेन मेहता, सचिव, ज्योति संघ, रिलीफ रोड, अहमदाबाद को गुजरात राज्य के प्रतिनिधि के रूप में केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के साधारण निकाय का सदस्य तत्काल नामित करती है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रतिलिपि निम्नलिखित को भेजी जाए :—

1. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सब सदस्य।
2. सब राज्य सरकारें/संघ शासित प्रदेश प्रशासन।
3. भारत सरकार के सब मंत्रालय/विभाग।
4. राष्ट्रपति सचिवालय।
5. प्रधान मंत्री कार्यालय।
6. योजना आयोग।
7. लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय।
8. मंत्रिमंडल सचिवालय।
9. पत्र सूचना कार्यालय, नई दिल्ली।
10. लेखा परीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली।
11. कम्पनी कार्य-विभाग, नई दिल्ली।
12. कम्पनियों के रजिस्ट्रार, नई दिल्ली।
13. क्षेत्रीय निदेशक, कम्पनी विधि बोर्ड, कानपुर।
14. कार्यकारी निदेशक, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली।
15. राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्डों के सब अध्यक्ष।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को साधारण जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

बी. पी. मरवाह
संयुक्त सचिव

ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 दिसम्बर 1981

संकल्प

सं० एम० 25011/14/81-आर० एम०ई०—भारत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्ण रोजगार की नीति के बारे में एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया है । समिति का गठन, विचारणीय विषय आदि निम्नलिखित होंगे :—

1	सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय	अध्यक्ष
2.	सलाहकार (ग्रामीण विकास) योजना आयोग	सदस्य
3.	अपर सचिव, श्रम मंत्रालय	सदस्य
4.	शिक्षा सलाहकार (तकनीकी), शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय	सदस्य
5.	विकास आयुक्त, लघु उद्योग, श्रम मंत्रालय	सदस्य
6.	अपर सचिव, बैंकिंग विभाग	सदस्य
7.	कार्यकारी निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक	सदस्य
8.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग, बम्बई ।	सदस्य
9.	डा० आर० लाल, प्रोफेसर (अर्थ शास्त्र) क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर ।	सदस्य
10.	सचिव, श्रम तथा रोजगार, गुजरात सरकार	सदस्य
11.	सचिव, ग्रामीण विकास, महाराष्ट्र सरकार ।	सदस्य
12.	सचिव, वन तथा ग्रामीण विकास, आन्ध्र प्रदेश सरकार	सदस्य
13.	सचिव, ग्रामीण विकास, नागालैण्ड सरकार	सदस्य
14.	सचिव, ग्रामीण विकास तथा सहकारिता, कर्नाटक सरकार	सदस्य
15	आयुक्त एवं सचिव, ग्रामीण पुनर्निर्माण तथा पंचायती राज, बिहार सरकार	सदस्य
16	संयुक्त सचिव (ग्रा० रो०) ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय	सदस्य सचिव

2. इस समिति के विचारणीय विषय निम्नलिखित होंगे :—

1. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य सरकारों तथा अन्य संगठनों/संस्थाओं द्वारा शुरू किए गए विशेष कार्यक्रमों का अध्ययन करना ;
2. ग्रामीण रोजगार को प्रोत्साहन देने हेतु विकसित आधारभूत ढांचों की जांच करना ;
3. ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन की गति को तेज करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्यक्रम तैयार करना;
4. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसरों में नियमित रूप से वृद्धि करने के लिए उपयुक्त आधारभूत सहायता पद्धति का सुझाव देना; तथा
5. राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर अपनाए जाने हेतु ग्रामीण रोजगार के लिए उपयुक्त नीति की सिफारिश करना ।

3. अध्यक्ष को समिति के उद्देश्यों को पूर्ण रूप से प्राप्त करने के लिए सुविज्ञों तथा विशेषज्ञों को सहयोजित करने तथा उनसे परामर्श करने का अधिकार होगा ।

4. समिति उपयुक्त विचारणीय विषयों के बारे में विशिष्ट सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट 6 माह के अन्दर प्रस्तुत करेगी।

5. गैर-सरकारी सदस्य तथा आमंत्रित व्यक्ति, समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों पर यात्रा भत्ते तथा दैनिक भत्ते के लिए पात्र होंगे ।

आदेश

(1) आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी सम्बन्धितों को भेजी जाए ।

(2) यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आप सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

महाराज कृष्ण काव
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)

रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 21 दिसम्बर 1981

संकल्प

सं० हिन्दी/समिति/80-40/1—रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के दिनांक 4-7-1981 के संकल्प सं० हिन्दी /समिति/80/40/1 के क्रम में श्री दीनानाथ झा, शास्त्री, सम्पादक "इंडियन नेशनल, पटना को रेल मंत्रालय के अधीन गठित रेलवे हिन्दी शब्दावली समिति का गैर-सरकारी सदस्य नामित किया जाता है ।

इनके सम्बन्ध में अन्य शर्तें वही होंगी जो 16-4-1980 के समसंख्यक संकल्प में उल्लिखित हैं ।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेज दी जाये । यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्व साधारण की सूचना के लिए यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय ।

दिनांक 18 जनवरी 1982

संकल्प

सं. हिन्दी/समिति/80/38/1—रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के दिनांक 24-11-81 के संकल्प सं. हिन्दी/समिति/80/38/1 के क्रम में निम्नलिखित गैर-सरकारी सदस्य को रेल मंत्रालय के अधीन गठित रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया जाता है :—

1. डा. शैलेष बिहारीलाल,
   आर.-192, ग्रेटर कैलाश-1,
   नयी दिल्ली।

इस सदस्य के सम्बन्ध में अन्य शर्तें वही होंगी जो 24-11-81 के संकल्प में उल्लिखित हैं।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति प्रधानमंत्री का कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोकसभा तथा राज्य सभा सचिवालय और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेज दी जायें।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचना के लिए यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

हिम्मत सिंह
सचिव, रेलवे बोर्ड एवं
पदेन संयुक्त सचिव

निर्माण और आवास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 दिसम्बर 1981

संकल्प

सं० 13012/2/80-पी० एल०—इस समय देश में 12 ग्रामीण आवास विंग बंगलौर, चंडीगढ़, हावड़ा, दिल्ली, वाराणसी, बल्लभ विद्यानगर, श्रीनगर, जोधपुर, त्रिवेन्द्रम, शिमला, रांची और मद्रास में स्थित है। भारत सरकार कुछ समय से देश के विभिन्न भागों में इस प्रकार के और अधिक ग्रामीण आवास विंग स्थापित करने के प्रश्न पर विचार करती आ रही है। यह निर्णय किया गया है कि गोहाटी असम में तत्काल एक ग्रामीण आवास विंग की स्थापना की जाए।

2. यह ग्रामीण आवास विंग राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन के नियंत्रण एवं निर्देशन के अधीन कार्य करेगा जो कि उन्हें अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता देगा।

3. विंग का प्रधान एक निदेशक (अंश कालिक आधार पर) होगा जिसकी साधारणतया सहायता प्रभारी अधिकारी तथा अन्य तकनीकी और सहायक कर्मचारी करेंगे। विंग के कर्मचारियों पर उस संस्थान (विभाग) की सेवा शर्तें लागू होंगी जिसके साथ विंग सम्बद्ध होगा।

4. ग्रामीण आवास विंग के कार्य निम्नलिखित होंगे :—

(1) अनुसंधान और स्थानीय भवन निर्माण सामग्री के उपयोग तथा निर्माण तकनीकियों और ग्रामीण मकानों के डिजाइनों को प्रोत्साहन देगा।

(2) सुधार-युक्त सामग्रियों और तकनीकियों का प्रचार करना।

(3) चयनित ग्रामों में पर्यावरणीय सुधारों सहित प्रदर्शनी मकानों के समूहों का निर्माण करना।

(4) ग्रामीण आवास परियोजना स्कीम के अन्तर्गत योजना तथा परियोजना में लगे तकनीकी कार्मिकों को प्रशिक्षित और अनुकूल बनाना।

(5) समय-समय पर लिए गए निर्णय-अनुसार ग्रामीण आवास से संबंधित किसी भी गतिविधि को आरंभ करना।

5. ग्रामीण आवास विंग असम राजकीय आवास बोर्ड, चांदमरी, गोहाटी-3 से सम्बद्ध होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति निम्नलिखित को प्रेषित की जाए :—

(1) निदेशक राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन, नई दिल्ली (25 अतिरिक्त प्रतियां)

(2) सचिव, योजना आयोग, नई दिल्ली।

(3) मुख्य सचिव, असम सरकार, गोहाटी।

(4) आयुक्त, असम राजकीय आवास बोर्ड, चांदमारी, गोहाटी-3।

एल० एम० मनेजीज, संयुक्त सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 दिसम्बर 1981

सं० यू० 11016/1/80-बी० एल० (वाल्यूम-II)—ऐसी समिति की आवश्यकता के अनुसरण में, जो श्रमिकों के ऐसे वर्गों की देखरेख करेगी, जिनके बारे में विभिन्न केन्द्रीय/राज्य स्तरीय बैठकों/सम्मेलनों/फोरमों आदि में बार-बार जोर दिया गया है, यह निर्णय किया गया है कि "बंधुआ, प्रवासी और नैमित्तिक श्रमिकों संबंधी केन्द्रीय स्थायी समिति" गठित की जाए जिसके अध्यक्ष श्रम राज्य मंत्री होंगे तथा जिसका गठन निम्नलिखित होगा :—

अध्यक्ष
श्रम राज्य मंत्री
सदस्य

(क) केन्द्रीय सरकार

1. श्री एस० वेंकटरमानी, महानिदेशक (श्रम कल्याण), श्रम मंत्रालय।
2. श्री ईश्वरी प्रसाद, मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय), श्रम मंत्रालय
3. श्रीमती गिरिजा ईश्वरन, वित्त सलाहकार, श्रम मंत्रालय।
4. डा० भूपिन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव (टी० डी०), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।
5. श्री पी० सी० कृष्णन, संयुक्त सचिव, (एस० सी०, बी० सी० डी०), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।
6. श्री दिनेश चन्द्र, निदेशक, बैंकिंग डिवीजन, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली।
7. श्री जे० सी० जेतली, संयुक्त सचिव, समाज कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।

8. श्री बी० के० शर्मा, संयुक्त सचिव (आर० ई०),
ग्रामीण पुर्ननिर्माण मंत्रालय, नई दिल्ली ।

9. श्री ए० वी० आर० चार,
सलाहकार, (आई० ई० एम०), योजना आयोग,
नई दिल्ली ।

10. श्री ए० जोहरी,
निदेशक स्थापना, रेलवे बोर्ड, रेल भवन,
नई दिल्ली ।

11. श्री पी० एस० ए० सुन्दरम,
निदेशक (नगर विकास), आवास और निर्माण मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

12. श्री एच० एस० शाह,
सचिव, पी० एंड टी० बोर्ड, डाक तार भवन,
नई दिल्ली ।

13. श्री सी० वी० नारायणन,
संयुक्त सचिव, (ई०) रक्षा मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

(ख) राज्य सरकारें

14. श्रम सचिव, आन्ध्र प्रदेश सरकार, हैदराबाद ।

15. श्रम सचिव, बिहार सरकार, पटना ।

16. श्रम सचिव, दिल्ली प्रशासन, दिल्ली ।

17. श्रम सचिव, गुजरात सरकार, गांधीनगर ।

18. श्रम सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला,

19. श्रम सचिव, पंजाब सरकार, चंडीगढ़ ।

20. श्रम सचिव, हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ ।

21. श्रम सचिव, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल ।

22. श्रम सचिव, उड़ीसा सरकार, भुवनेश्वर ।

23. श्रम सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर ।

24. श्रम सचिव, कर्नाटक सरकार, बंगलौर ।

25. श्रम सचिव, तमिलनाडु सरकार, मद्रास ।

26. श्रम सचिव, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम ।

27. श्रम सचिव, उत्तर प्रदेश, सरकार, लखनऊ ।

28. श्रम सचिव, जम्मू और काश्मीर सरकार,
जम्मू (तावी)

(ग) गैर-सरकारी सदस्य

29. श्री बी० एस० विजयराघवन,
संसद सदस्य (लोक सभा) ।

30. श्री बिंदीश्वरी दूबे,
लोक सभा सदस्य ।

31. श्री असरू बोस,
परनश्रीपल्ली, केन्द्रीय सरकार क्वाटर्स ब्लाक 32,
फ्लट-199, कलकत्ता ।

32. श्री विमल महरोत्रा, एम० ए० (इको०) बी० एस० सी०,
एल० एल०बी०, सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
(आई), 25(बी०), सर्वोदय नगर,
कानपुर—208005 ।

33. श्री राममूर्ति
मार्फत जय प्रजा भवन, बाघमपत,
हैदराबाद-16 ।

34. श्री आर० एम० दूजोदवाला,
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, दूजोदवाला इंडस्ट्रीज,
812/815, तूलियानी चैम्बर्स, 212, नारीमन पाइंट,
बम्बई-400021 ।

35. सचिव,
आल इंडिया ओरगेनाइजेशन आफ इम्पलायर्ज,
फैडरेशन हाउस, नई दिल्ली ।

36. सरदार अमरजीत सिंह,
वाइस प्रैजीडेंट, बिल्डर्स एसोसिएशन आफ इंडिया,
मार्फत इम्पलायर्स फैडरेशन आफ इंडिया,
आर्मी एंड नेवी बिल्डिंग,
148 एम० जी० रोड़,
बम्बई-400023 ।

37. सचिव,
स्टैंडिंग कान्फ्रैंस आफ पब्लिक इंटरप्राइजिज,
चन्द्रलोक बिल्डिंग, जनपथ, नई दिल्ली ।

38. श्री दामोदर पाण्डे,
सचिव, आई० एन० टी० यू० सी०
मार्फत राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ,
सेंट्रल कोल फील्ड रीजनल कमेटी,
डाकघर रामगढ़ कैंट,
जिला : हजारीबाग (बिहार) ।

39. श्री ओ० पी० शर्मा,
चेयरमन,
डिस्ट्रीक्ट आई० एन० टी० यू० सी० कौंसिल,
11/7, नार्थ टी० टी० नगर, भोपाल,
मध्य प्रदेश ।

40. श्री टीकाराम माझी, एम० एल० ए०,
डिमना रोड़, डाकघर मोगा,
जमशेदपुर—831003 ।

41. श्री राज कृष्णन भक्त,
सचिव, बी० एम० एस०,
24, विठल भाई पटेल हाउस, रफी मार्ग,
नई दिल्ली—110001 ।

42. श्री जगजीत सिंह, लायलपुरी,
प्रैजीडेंट, पंजाब स्टेट कमेटी आफ सी० आई०टी० यू०,
833/3, कृष्णानगर, लुधियाना ।

43. श्रीमती मधुलिका सिंह, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्त्ता,
आर० के० आई०—94, भारतीय उर्वरक निगम लि०,
सिंदरी, धनबाद (बिहार) ।

44. श्री नरेन्द्र रावल,
मार्फत श्री योगेन्द्र मकवाला,
गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री,
11, रेस कोर्स रोड़,
नई दिल्ली ।

45. श्री दीपक पटेल,
मार्फत : श्री योगेन्द्र मकवाना,
गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री,
11, रेस कोर्स, रोड, नई दिल्ली ।

2. यह समिति बंधुआ श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों और नैमित्तिक श्रमिकों से संबंधित मामलों पर राज्य सरकारों तथा केन्द्रीय सरकार को परामर्श देने के लिए कार्य प्रोग्रामों का समन्वय करेगी ताकि इन श्रमिकों की समस्याओं/कठिनाइयों का समाधान किया जा सके तथा प्रगति की जांच की जा सके ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में आम सूचना के लिए प्रकाशित किया जाए ।

एम० एम० सिंह, उप सचिव

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 5 जनवरी 1982

सं० यू०-23012/1/80-एम III—भारत सरकार ने अभ्रक खान श्रम कल्याण निधि के केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड को, जिसे श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और रोजगार विभाग) के संकल्प संख्या यू०-23011/2/71-एम० तारीख 26 नवम्बर, 1973 द्वारा स्थापित किया गया था, पुनर्गठित करने का निर्णय किया है । केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड, अभ्रक खान श्रम कल्याण निधि का गठन निम्नानुसार होगा :—

अध्यक्ष

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री
नई दिल्ली

उपाध्यक्ष

महानिदेशक (श्रम कल्याण)
श्रम मंत्रालय,
नई दिल्ली,

सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य

1. अभ्रक खान कल्याण आयुक्त,
बंगलौर, कर्नाटक
(आन्ध्र प्रदेश के संबंध में)

2. अभ्रक खान कल्याण आयुक्त,
इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)
(बिहार के संबंध में)

3. अभ्रक खान कल्याण आयुक्त,
भीलवाड़ा - 31101,
(राजस्थान) ।

नियोजक संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य :

1. श्री एस० पी० नैथानी,
भागीदार,
नाथानी एण्ड कम्पनी,
भीलवाड़ा (राजस्थान) ।

2. कोडरमा अभ्रक खनन एसोसिएशन,
हजारीबाग (बिहार) का अध्यक्ष
(या उनका नामित व्यक्ति) ।

3. अध्यक्ष (या उनके नामित व्यक्ति)
साऊथ इण्डिया अभ्रक खान मालिक एसोसिएशन,
गुडूर (आन्ध्र प्रदेश) ।

श्रमिक संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य

1. श्री गिरधारी लाल व्यास,
संसद सदस्य,
उपाध्यक्ष,

इन्टक, राजस्थान ब्रांच, गांधी मजदूर सेवेलया,
भीलवाड़ा, राजस्थान ।

2. श्री एस० एन० सहाय,
महामंत्री,
मेटलिफेरस माइन्स वर्कर्स एसोसिएशन,
डाकघर कोडरमा,
जिला हजारीबाग, (बिहार)

3. श्री सी० सी० सुबैया,
महामंत्री,

आन्ध्र प्रदेश, माइंस लेबर यूनियन नालायालम्मा स्ट्रीट,
गुडूर - 524101 (आंध्र प्रदेश) ।

2. बोर्ड किसी अन्य सदस्य को, यदि यह आवश्यक समझता है, सहयोजित भी कर सकता है । श्रम मंत्रालय के अवर सचिव बोर्ड के सचिव के रूप में कार्य करेंगे ।

3. यह बोर्ड गैर-सांविधिक निकाय होगा और इसके कार्य निम्नानुसार होंगे :—

1. निधि के कार्यकलापों के संबंध में सलाह देना।

2. अभ्रक खान श्रम कल्याण निधि के क्षेत्रीय संगठनों के कार्यकलापों की पुनरीक्षा करना और उनका समन्वय करना ; और

3. अभ्रक खान श्रम कल्याण निधि के अधीन अभ्रक खान श्रमिकों के कल्याण से संगत किसी अन्य मामलों पर विचार करना।

4. बोर्ड का कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा और यह अपनी बैठकें ऐसे स्थान पर और ऐसे अन्तरालों पर करेगा, जैसा वह आवश्यक समझे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रतिलिपि निम्नलिखित को भेजी जाए :—

1. आन्ध्र प्रदेश, बिहार और राजस्थान की राज्य सरकारें।
2. इस्पात और खान मंत्रालय (खान विभाग), नई दिल्ली।
3. बोर्ड के सभी सदस्य।
4. संबंधित नियोजक और श्रमिक संगठन।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प आम सूचना के लिए राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एस० वेंकेटारमाणी
संयुक्त सचिव/महानिदेशक

संकल्प

नई दिल्ली-110001' दिनांक 23 दिसम्बर, 1981

सं० डीजीईटी-13(8) 80-सी०डी०(क्यूसी):—संकल्प संख्या डीजीईटी-3 (4)/78-टी सी, दिनांक 25 अप्रल, 1978 द्वारा भारत सरकार ने प्रशिक्षण संस्थानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पुनरीक्षा करने और प्रशिक्षण के स्तर को सुधारने के लिए उपयुक्त उपचारक उपायों का सुझाव देने हेतु निम्नलिखित गठन के साथ एक प्रशिक्षण विशेषज्ञ समिति गठित की, जिसका नाम कादिर समिति है :—

1. गठन

अध्यक्ष

श्री एस० ए० कादिर, भतपूर्व रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशक और अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन विशेषज्ञ (सेवा निवृत)।

सदस्य :

1. श्री बी० जी० वार्णेय,
मुख्य प्रशिक्षण एवं जन शक्ति सलाहकार, भारतीय उर्वरक निगम, नई दिल्ली।

2. श्री एम० एस० एस० वरदन,
जनरल मो० डी० मैनेजर,
हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, लिमिटेड, बंगलौर।

3. श्री यू० पी० पंडित,
(एसोसियेशन आफ इंडियन इंजीनियरिंग इंडस्ट्री से प्रतिनिधि),
172 जोर बाग, नई दिल्ली।

4. प्रोफेसर जी० एस० काडू,
निदेशक तकनीकी शिक्षा, महाराष्ट्र, बम्बई।

5. श्री एस० एन० गोयल,
निदेशक, तकनीकी शिक्षा, (राजस्थान) जोधपुर।

6. प्रोफेसर आर० टी० देशमुख,
शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय, (शिक्षा विभाग) के प्रतिनिधि

7. श्री बी० एन० भट्टाचारजी,
विकास आयुक्त के प्रतिनिधि,
लघु उद्योग, नई दिल्ली।

8. श्री विपिन सक्सेना,
खादी और ग्राम उद्योग आयोग के प्रतिनिधि।

9. श्री महाराज कृष्ण काव,
कृषि और सिंचाई मंत्रालय, (ग्रामीण विकास विभाग) के प्रतिनिधि।

बाद में समिति को उसके कार्यों में मदद देने हेतु निदेशक रोजगार एवं प्रशिक्षण, तमिलनाडु श्रीमती पडोलकर को सदस्य के रूप में सहयोजित किया गया।

सदस्य सचिव :

10. श्री पी० एस० प्रेम
अपर निदेशक, प्रशिक्षण, श्रम मंत्रालय (रो० एवं प्र० नि०), नई दिल्ली।

2. सरकार को इस समिति की रिपोर्ट 25 सितम्बर, 1978 को प्राप्त हुई थी। इस रिपोर्ट के अध्याय 6 में की गई सिफारिशों के सारांश और सरकार द्वारा लिए गए निर्णय दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है।

3. भारत सरकार समिति द्वारा किए गए कार्य के लिए अपनी सराहना व्यक्त करना और समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को अपना धन्यवाद देना चाहती है।

आदेश

आदेश दिया गया कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया गया कि यह संकल्प आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एस० लवराज,
महानिदेशक, रोजगार एवं प्रशिक्षण और संयुक्त सचिव

कादिर समिति द्वारा की गई सिफारिशों और उन पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों को दर्शाने वाला विवरण

सिफारिश संख्या	प्रशिक्षण सम्बन्धी विशेषज्ञ समिति (कादिर समिति) द्वारा की गई सिफारिश का संक्षिप्त विवरण	सरकार द्वारा लिये गये निर्णय
1	2	3
6.1.1	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के वर्तमान ढांचे का अवश्य ही माड्यूलर प्रणाली के अनुसार पुनर्गठन किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के परिशिष्ट-12 में दर्शाए गए धातु सम्बन्धी व्यवसायों, विद्युत व्यवसायों, हीट इंजन व्यवसायों, आदि जैसे व्यवसाय समूह के सम्बन्ध में लगभग एक वर्ष के लिये व्यापक आधार वाला सामान्य प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इस बुनियादी प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को एक ऐसा ठोस आधार उपलब्ध कराना है जिस पर उन्हें और आगे विशेष ज्ञान दिये जा सके।	स्वीकृत। यह निर्णय लिया गया था कि इस के ब्यौरे उप समिति द्वारा तैयार किए जाएं।
6.1.2	जो व्यक्ति बुनियादी प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं, वे इनमें से कोई एक विकल्प अपना सकते हैं। (क) किसी प्रोसेसिंग या आटोमेटिक प्लांट में आपरेटर के रूप में काम करना; (ख) प्रशिक्षण संस्थानों में नौकरी पाने योग्य कौशलों में एक या दो माड्यूलों में और आगे प्रशिक्षण प्राप्त करना; (ग) विहित प्रशिक्षण माड्यूलर सिद्धांत के अनुसार उद्योग में करारबद्ध शिक्षु के रूप में काम शुरू करना; (घ) अपना उद्यम चलाना/या स्वनियोजन।	
6.1.3	भौतिक मानवीय और वित्तीय साधनों को इष्टतम बनाने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के स्तर में सुधार लाने और समय समय पर उनका मूल्यांकन करने के लिए राज्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशासन का काम अवश्य ही प्रत्येक राज्य के तकनीकी शिक्षा निदेशक को सौंप दिया जाना चाहिए।	सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया। यह मामला अभी भी विचाराधीन है।
6.1.4	औद्योगिक प्रतिष्ठानों और प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सबद्ध मामलों को विनियमित यथा नियंत्रित करने के लिए व्यापक वृत्तिक प्रशिक्षण कानून होना चाहिए। समिति यह सिफारिश करती है कि वर्तमान शिक्षु अधिनियम में उचित रूप से संशोधन किया जाए।	सरकार ने व्यापक वृत्तिक प्रशिक्षण कानून बनाने से सम्बन्धित सिफारिशों को स्वीकार कर लिए है। विभिन्न राज्यों को सहायता अनुदान देने
